



# अब किसान घर बैठे ऑनलाइन बुक कर सकेंगे खाद का ई–टोकन

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 8 जनवरी. अब किसानों को खाद के लिए सोसायटियों के सामने लंबी–लंबी लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसान घर बैठे ही एमपी कृषि पोर्टल पर खाद बुक करा पायेगे। 1 जनवरी से बैतूल जिले में यह व्यवस्था शुरू हो गई है।**

**कालाबाजारी पर रोक, लाइन की झंझट होगी खत्म**

**किसानों को तीन दिन के भीतर उठाना होगा खाद**

हालांकि अभी खाद दुकानों की मैपिंग की जा रही है। जिसमें दुकानदारों के पास कितना खाद उपलब्ध है और कितना विक्रय किया है, यह अपलोड किया जा रहा है। बता दे कि पूरे जिले में खाद की 347 दुकानें है। इन दुकानों से खाद लेने के लिए पहले किसानों को सुबह से लाइन में लगाकर खड़े रहना पड़ता था। कई बार दिनभर लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पाता था, लेकिन अब एमपी कृषि पोर्टल से किसान ऑनलाइन ई– टोकन जनरेट कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि किसान के मोबाइल पर डैश डालते ही क्यूआर कोड के रूप में ई– टोकन जारी होगा, इसे दिखाकर किसान 3 दिन के अंदर संबंधित सोसाइटी, एमपी एग्रो, डीएमओ केंद्र और प्राइवेट केंद्र पर जाकर खाद उठा सकेंगे। अगर किसी किसान ने लापरवाही बरती और 3 दिन के अंदर खाद नहीं उठाई तो टोकन कैंसिल हो जाएगी। ऐसे में उसे 3 दिन बाद दोबारा ई–टोकन जनरेट करना होगा। नई प्रक्रिया के लिए विभाग के डाटा अपडेट कर दिया है। सब



कुछ ऑनलाइन होने से किस किसान को कितना खाद दिया और कितना केंद्र या दुकान के स्टाक में बचा है, इसकी जानकारी किसान, विक्रेता और अधिकारी को दिखेगी। इससे खाद की कालाबाजारी रुकेगी। इस व्यवस्था से किसान दुकान पर कितना स्टॉक है, किसान और अधिकारी आसानी से देख पायेगे। खाद वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी और आरोप–प्रत्यारोप की संभावना कम रहेगी। एक ही दुकान से खाद मिलने पर एक से अधिक किसान साथ जाकर खाद ला पायेगे, जिससे किराया बचेगा।

### तुरंत होगा परेशानियों का समाधान

खाद लेते समय अगर कहीं कोई परेशानी है तो उसे दूर किया जाएगा। डाटा अपडेट होने के बाद पट्टे की जमीन पर खेती करने वाले किसान भी किसान ई– टोकन जनरेट कर जरूरत के हिसाब से खाद ले सकेंगे। पोर्टल कुल जमीन जोड?र खाद की जरूरत बताएगा। खेत अलग– अलग स्थानों पर होने के बाद भी सिस्टम कुल रकबा बताएगा। इससे किसानों को उनकी जरूरत का खाद मिलेगा और कालाबाजारी रुकेगी। इसके अलावा बोवनी का सीजन आते ही खाद की मारामारी शुरू हो जाती है। केंद्रों से टोकन बांटनी पड़ती थी। इससे सरकारी और अधिकारियों किरकिरी हो रही थी, लेकिन अब इससे निजात मिलेगी और किसानों को वैज्ञानिक मानकों के आधार पर खाद मिलेगी।

### किसानों को तीन दिन में उठानी होगी खाद, नहीं तो दोबारा करना होगा टोकन बुक

जिले में 1 जनवरी से खाद की ई–टोकन व्यवस्था शुरू हो गई है। इसमें किसान जरूरत के हिसाब से घर बैठे ऑनलाइन खाद की बुकिंग कर सकेगा। टोकन जनरेट होते ही तीन में दिन खाद उठानी होगी। नहीं उठाने पर फिर से टोकन जनरेट करनी होगी। बताया जा रहा है कि तीन दिन के बीच में यदि शासकीय छुट्टी या रविवार आता है तो वह तीन दिन में नहीं गिना जायेगा। यदि किसान दुकान खुलने के अगले दिन जाकर खाद उठा सकते है। कृषि विभाग के उप संचालक आनंद बडोनिया ने बताया कि नई प्रक्रिया में सारा डाटा ऑनलाइन रहेगा, कोई भी खाद उपलब्ध होने पर मना नहीं कर सकेगा। पोर्टल से ई–विकास प्रणाली के जरिए डैश बोर्ड खुलेगा, जहां से ई–टोकन जनरेट करने के लिए आधार नंबर डालना होगा। खाद की मात्रा वैज्ञानिक आधार पर पोर्टल पर स्वतः अपडेट होगी। जहां से केंद्र, सोसाइटी व प्राइवेट दुकान का चयन करते ही उपलब्धता के आधार पर क्यूआर कोड जनरेट होगा। जिसे केंद्र पर दिखाने पर खाद मिलेगा। वहीं पट्टे व सिकमीधारी किसान की जानकारी एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी वेरिफाई करने पर खाद मिलेगी।

## एक नजर में

### पुलिया से गिरी बोलेरो बाल–बाल बचा चालक

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम शिवधाम सालबर्डी में बुधवार की रात एक बोलेरो जीप बेकाबू होकर माडू नदी की पुलिया से नीचे गिर गई।वाहन में अकेला चालक सवार था। जिसे हल्की चोट आई है। बताया जाता हैबुधवार को रैयतवाड़ी से मजदूरों को लेकर एक बोलेरो वाहन महाराष्ट्र गया था।मजदूरों को सुरक्षित छोड़ने के बाद वाहन वापस लौट रहा था, इसी दौरान देर रात सालबर्डी पुलिया पर वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। यह तो अच्छा हुआ की दुर्घटना के समय वाहन में केवल चालक मौजूद था,चालक को हल्की चोटें आईं, जबकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है।

### पवार समाज की कार्यकारिणी का गठन

**बैतूल।** पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच की की आमसभा श्री हनुमान मंदिर परिसर हमलापुर में संपन्न हुई। आमसभा के दौरान सर्वसम्मति से संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक बाबूलाल कालभोर, अध्यक्ष एलआर पवार, उपाध्यक्ष सोजर लाल गोहिते, सचिव अविनाश देशमुख, सह सचिव युगल किशोर डिगरसे, कोषाध्यक्ष मुन्ना लाल डहारे, सह कोषाध्यक्ष भभूताराम हज़ारे, प्रवक्ता बाबू राव पवार,संगठन मंत्री अशोक (जग्गू) बारंगे, कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार बारंगे, श्याम पवार, प्रमोद पिंजारे, अरविंद गोहिते,शिवाजी हजारे, हरिराम खपरिये, रामराव ढोबारे, मुन्ना लाल देवासे, जनक लाल पवार, माखनलाल कोडले को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। यह कार्यकारणी तीन साल तक वरिष्ठ जनों के कल्याणार्थ सकारात्मक सोच के साथ विभिन्न रचनात्मक कार्य करेगी। इनके मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दी है।

### शहीद दीपक यादव का 21वां शहादत दिवस आज

**बैतूल।** जिले के वीर सपूत अमर शहीद दीपक यादव के 21वें शहादत दिवस पर उनके बलिदान को स्मरण करते हुए एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत आज 9 जनवरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे कर्बला घाट स्थित शहीद दीपक यादव के समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसी क्रम में शाम 7 बजे से शहीद दीपक यादव चौक, सदर बैतूल में श्रद्धांजलि सभा एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिप्राप्त कवि वीर रस कवि चौधरी मदन मोहन समर भोपाल से, ब्रज किशोर पटेल इटारसी से, पुष्पक देशमुख प्रभात पट्टन से, अरुण गढ़वाल नर्मदापुरम से, सुनील पांसे ओज कवि बैतूल से, सतीश शमी पथरौटा से तथा अजय पवार बैतूल बाजार से अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। शहीदों एवं सैनिकों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैतूल के वीर सपूत अमर शहीद दीपक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील शहीद दीपक यादव युवा मण्डल समिति एवं लाडो फाउंडेशन के संचालक अनिल यादव द्वारा की गई है।

# रोजगार के साथ–साथ स्थाई परिसंपत्तियों का होगा निर्माण : पटेल

**बैतूल।** 2047 में विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा गया है। वह गांवो को विकसित करने से ही पूरा होगा विकसित भारत गारंटी फार रोजगार आजीवीका मिशन ग्रामीण जिसे वीबी जी राम जी कहते है। ग्रामीण भारत को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह चार स्तंभो पर आधारिक समग्र विकास का मॉडल है। गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि चारो स्तंभो का उददेश्य रोजगार के साथ साथ स्थाई




परिसम्पत्तियों का निर्माण करना है। पहले मनरेगा के अंतर्गत श्रमिको को 100 दिन के रोजगार की गारंटी मिलती थी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बढाकर 125 दिन कर दिया है। चार स्तंभ से जुडे सवाल का जवाब देते हुए श्री पटेल ने बताया कि जल संरक्षण और जल संसाधन विकास के साथ साथ ग्रामीण इंस्फाइंस्ट्रक्चर और ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को बढावा मिलेगा। प्राकृतिक आपदाओ से निपटने के लिए स्थाई समाधान तैयार किए जाएगें। महिलाओं के लिए आजीविका योजनाओ का एकीकरण होगा, जिसमें लखपति दीदी, ड्रोन दीदी को इस मिशन से जोडा गया है। योजना के नाम बदलने से जुडे सवाल का जवाब देते हुए श्री पटेल ने कहा कि योजनाओं में गांधी परिवार के नाम शामिल हो इसके लिए कांग्रेस सरकारों ने कार्य किए है। मोदी जी किसी के नाम पर योजना का काम नही करते सेवा से जोडने का काम करते है। रोजगार और पलायन से जुडे सवाल का जवाब देते हुए श्री पटेल ने कहा कि वीबीजी राम जी योजना के तहत पहले से ज्यादा रोजगार मिलेगा, पलायान रूकेगा, और अत्याधुनिक तकनीक से निगरानी की जाएगी।

# सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल को राष्ट्रीय सम्मान

**बैतूल।** देश के चुनिंदा विद्यालयों के बीच सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाई है। विद्यालय को एल्ड्रोक इंडिया द्वारा टीचिंग में टेक्नोलॉजी अपनाने में उत्कृष्टता के लिए बेस्ट टेक्नोलॉजी यूज़ इन टीचिंग का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अवॉर्ड प्रदान किया गया है। विद्यालय की डायरेक्ट्रेस श्रीमती दीपाली निलय डागा के कुशल, दूरदर्शी और नवाचारी नेतृत्व में यह उपलब्धि संभव हो सकी। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और प्रभावशाली भूमिका को देखते हुए उन्हें भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य



डॉ. रितु बाजपेई ने बताया कि यह सम्मान स्कूल में आधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम्स और डिजिटल लर्निंग टूल्स के प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया है। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल ने तकनीक को सोच, नवाचार और रचनात्मकता का अभिन्न हिस्सा बनाया है। वर्तमान में विद्यालय में डिजिटल क्लासरूम्स, एआई आधारित लर्निंग टूल्स और स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक नवाचार सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों का सीखने का अनुभव बेहतर हुआ है और शिक्षक भी नई तकनीकों से सशक्त हुए हैं। एल्ड्रोक इंडिया के–12 अवॉर्ड्स 2026 भारतीय शिक्षा में उत्कृष्टता को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। यह उपलब्धि पूरे सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल परिवार के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय है।

# शक्ति कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**बैतूल।** ग्राम बिसनूर में हमारी संस्कृति और हमारी विरासत को साकार करने के उद्देश्य से धर्म जागरण के साथ राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ की शुरुआत शक्ति कलश यात्रा के साथ की गई। पूरे गांव में धार्मिक वातावरण के बीच निकली शक्ति कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता उत्तम गायकवाड ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियां और दुष्प्रवृत्तियां समाज और राष्ट्र को अंदर से खोखला कर रही हैं। इनसे लड़ने के लिए हम सभी को संकल्पित होना होगा और इसकी शुरुआत स्वयं से तथा अपने घर से करनी होगी। उन्होंने आचार्य श्रीराम शर्मा जी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम बदलेंगे तो युग बदलेगा, हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा। किसी भी बड़े परिवर्तन की नींव व्यक्ति के अपने आचरण और चरित्र से ही रखी जा सकती है। उत्तम गायकवाड ने समाज में बढ़ते नशे के चलन, शादी–विवाह में हो रहे अपव्यय और आर्थिक विषमता जैसे विषयों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता बताई और कहा कि जब हमारा चरित्र और आचरण श्रेष्ठ होगा, तभी समाज उसका अनुकरण करेगा।

# एसएनसी मॉल ने रचा इतिहास, 80 प्रतिशत बिक्री

**बैतूल। छिंदवाड़ा शहर के रियल एस्टेट और कमर्शियल विकास के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सोड इंफ्रा द्वारा विकसित एसएनसी मॉल छिंदवाड़ा का पहला कमर्शियल बिजनेस हब अब 80 प्रतिशत से अधिक शोल्ड आऊट हो चुका है।**

यह उपलब्धि केवल एक प्रोजेक्ट की सफलता नहीं, बल्कि छिंदवाड़ा के निवेशकों, व्यापारियों और व्यवसायिक सोच रखने वाले लोगों के विश्वास की जीत है। एसएनसी मॉल छिंदवाड़ा का पहला संपूर्ण कमर्शियल बिजनेस हब एसएनसी मॉल कोई साधारण मॉल नहीं है। यह एक इंट्रीग्रेटेड कमर्शियल बिजनेस इकोनामी है,



जहाँ एक ही छत के नीचे प्रीमियम शॉप, हाई विजिबिलिटी शोरूम, कॉरपोरेट एण्ड ऑफिस स्पेश, बैंक एवं फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट, फूड जोन सहित अन्य सुविधाएं है। यही कारण है कि एसएनसी मॉल को आज छिंदवाड़ा का पहला और सबसे भरोसेमंद कमर्शियल बिजनेस हब कहा जा रहा है। यहां निवेश करने का मतलब है, एक ऐसी किराया, नौकरी चुनना, जो हर महीने निश्चित आय देती है। एससीएन मॉल केवल आज की कमाई नहीं, बल्कि भविष्य की ग्रोथ का भी भरोसा देता है। जिससे लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने बीएलए 2 के भाजपा कार्यकर्ताओ की ली बैठक

**मुलताई।** नगर के भाजपा कार्यालय में बुधवार शाम 6 बजे एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण में बीएलए 2 कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई,जिसमे भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन दिया। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया भाजपा कार्यालय में एसआईआर के द्वितीय चरण में बैठक आयोजित की गई द्य बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा जिला सहकोषाध्यक्ष कमलेश राठौर,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, एसआईआर विधानसभा संयोजक तुलसीराम बारस्कर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी चाणक्य,भाजपा नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, एसआईआर नगर मंडल संयोजक अभिषेक खंडेलवाल सहित अन्य बीएलए –2 बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने एसआईआर अभियान द्वितीय चरण को लेकर ताप्ती शक्ति केंद्र एवं आजाद शक्ति केंद्र समर्पित बीएलए 2 कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। एसआईआर अभियान की द्वितीय चरण अंतर्गत मतदाता जोड़ने दावा आपत्ती एवं संशोधन कार्य को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए प्रशिक्षण 19 से

**बैतूल।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के ईएसडीपी कार्यक्रम के तहत बैतूल जिले में 19 जनवरी से पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम खाद्य प्रसंस्करण केंद्रों में वैधानिक आवश्यकताएं विषय पर आधारित रहेगा तथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण उन उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी है जो खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में स्वयं का उद्योग व्यवसाय संचालित कर रहे हैं या इससे संबंधित उद्योग व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते हैं। यह कार्यक्रम उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) के द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक उद्यमी शौर्य एजुकेशन इंस्टीट्यूट, इटारसी रोड, सदर के पते पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के तहत अधिकतम 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें से 40 प्रतिशत प्रतिभागी एससी, एसटी, महिला तथा दिव्यांग श्रेणी के होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेडमैप के जिला समन्वयक ने बताया कि कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रबंधन सहित बैतूल जिले में खाद्य प्रसस्करण उद्योगों के लिए अवसर व संभावनाएं, सहयोगी अधोसंरचनात्मक सुविधाएं, शासन की ऋण अनुदान योजनाओं, वैधानिक औपचारिकताओं, लायसेंस लेने की नियम प्रक्रिया, गुमाश्ता एक्ट आदि के संबंध में जानकारी भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र से जुड़े सफल उद्यमियों को भी आमंत्रित किया जाएगा जो अपने अनुभव शेयर कर नए उद्यमियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# कांग्रेसियों ने फूंका मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला, सौंपा ज्ञापन

**मुलताई।** इंदौर के भगीरथपूरा मे दूषित पानी पिलाने से हुई 17 लोगो की मौत और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा घंटा जैसे अपशब्दों के प्रयोग सहित मनरेगा का नाम बदलने सहित स्थानीय समस्याओ को लेकर गुरुवार को पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे के नेतृत्व में पूर्व विधायक डॉ पीआर बोडखे,वरिष्ठ कांग्रेसी संजय यादव,कमल सोनी,ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव के साथ सुमित शिवहरे,नितेश साहू, प्रहलाद सिंग परमार, राजरानी परिहार सहित सैकडो कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर रैली निकाली तथा बसस्टैंड चौक पर मंत्री कैलाश विजय वर्गीय का



पुतला फुका। जिसके बाद तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार को सौपा। कांग्रेसियों द्वारा सौपे ज्ञापन में इंदौर में जहरीला पानी पिलाने से हुई 17 मौते एवं घंटा जैसे अपशब्दों का प्रयोग करने पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तुरंत बर्खास्त करने, मनरेगा को समाप्त कर जी रामजी योजना लागु करने पर विरोध जताते हुए मनरेगा को यथावत रखने, नगर में नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, नगरपालिका द्वारा बढ़ाया गया दूकान किराया एवं टैक्स वापस लेने, नगर में खोदी गई सड़को का पुन निर्माण करने,अमरावती जबलपुर रीवा एक्सप्रेस, जीटी एक्सप्रेस का स्टापेज मुलताई मे करने एवं पेसेंजर तथा दादाधाम एक्सप्रेस चालू करने, पीपीपी मोड अस्पताल को मेडिकल कालेज बनाने, खराब फसलो का मुआवजा एवं फसल बीमा राशि देने, अवैध शराब बंद करने, नगर के सरकारी कालेज में एमएससी तथा एम काम की कक्षाए शुरू करने, अंतिम छोर के किसानो को सिचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने, क्षेत्र के ग्रामो में बंद ट्रांसफार्मरो को सुधारकर नियमित रूप से बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है।

**बैठक** शिखर मंदिर रास्ते में तैनात रहेंगी स्वास्थ्य विभाग की टीमें

# मेले में आपातकाल के लिए रहेगा इमरजेंसी मार्ग : एसडीएम

**सारनी।** नगरपालिका सारनी के सभाकक्ष में गुरूवार 8 जनवरी 2026 को बाबा मठारदेव मेला आयोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर प्रपंच आर. (आई.ए.एस.) ने की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, तहसीलार संध्या रावत, एसडीओपी प्रियंका करचाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम, टीआई जयपाल इवनाती, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया एव बीएमओ संजीव शर्मा के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, मेला एवं भंडारा समिति के सदस्य उपस्थित



थे। बैठक में सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, यातायात आवागमन, झूला व्यवस्था, वन्य जीवों से सुरक्षा व्यवस्था, दान पेटियों की व्यवस्था, भंडारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था, प्लाट आवंटन, समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मेले में इस वर्ष इमरजेंसी / वीआईपी मार्ग को अलग कर दिया गया है। इसे भीड़ रहित रखा जाएगा ताकि एंबुलेंस, फायरब्रिगेड समेत अन्य इमरजेंसी वाहन आसानी से आवागमन कर सकें। उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिवर्ष की तुलना में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।एसडीएम प्रपंच आर. ने मेला परिसर के अलावा बांसवेडा एवं शिखर मंदिर पर भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मय स्ट्रेचर, जीवनरक्षक दवाओं के साथ उपलब्ध रखने, शिखर मार्ग पर दुकानें लगाने, शिखर मंदिर पर भंडारों पर प्रतिबंध, लेटकर एवं घुटनों के बल शिखर चढ़ने पर पूर्ववत प्रतिबंध के निर्देश दिए हैं। बैठक के बाद एसडीएम ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों को अन्य आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

### चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगी एंबुलेंस सुविधा

मेले में किसी आपात स्थिति से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला परिसर में चौबीस घंटे एंबुलेंस सुविधा रखने के निर्देश एसडीएम प्रपंच आर ने दिए है। उन्होंने मप्रपाजन कंपनी एवं डब्ल्यूसीएल की भी एक–एक एंबुलेंस पालीवार मेला परिसर में खड़ी रखने के निर्देश दिए। मेले में फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस एवं चिकित्सा सुविधा व अन्य आकस्मिक सेवाओं के नंबर सार्वजनिक किए जाने के निर्देश दिए हैं। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से 75 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस बल कंट्रोल रूम से इन पर निगरानी करेगा। वन विभाग, डब्ल्यूसीएल, मप्रपॉजनकं, एनसीसी, स्काउट एवं निजी सुरक्षा गार्डों से मेले में चौबीस घंटे सुरक्षा व्यवस्था बनाई जाएगी।

# कांग्रेस की बैठक में आगामी रणनीति पर मंथन

**बैतूल।** कांग्रेस कार्यालय गंज में गुरुवार 8 जनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें नवनियुक्त ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू चौबे ने मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों, सेक्टर अध्यक्षों और सेक्टर प्रभारियों की अहम बैठक ली। बैठक में आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची से जुड़े विषयों पर विशेष फोकस किया गया। पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने और जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। इसके



साथ ही मनरेगा से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए मजदूरों को समय पर रोजगार और भुगतान दिलाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की बात कही गई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर भी गंभीर मंथन हुआ। फसल नुकसान, मुआवजा, खाद और बीज की उपलब्धता तथा बढ़ती लागत को लेकर किसानों के पक्ष में आवाज बुलंद करने और जरूरत पड़ने पर आंदोलनात्मक कदम उठाने की रणनीति बनाई गई। बूथ कमेटियों को मजबूत करने, प्रत्येक बूथ पर जिम्मेदार कार्यकर्ता तय करने और संगठन की नियमित समीक्षा करने पर भी सहमति बनी। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू चौबे, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पा पेन्द्राम, सेक्टर अध्यक्ष और सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे।